# लघु व्यवसाय के लिए स्व-मूल्यांकन उपकरण

## लोगों और पर्यावरण को नुकसान पहुँचने से रोकना - लघु व्यवसायों के लिए जानकारी

ऐसे बहुत से काम जो हम अपने कार्य-स्थलों पर करते हैं, वे प्रदूषण और कचरा पैदा कर सकते हैं। इससे लोगों और पर्यावरण को नुकसान पहुँचने का खतरा हो सकता है।

विक्टोरिया में नए कानूनों के अनुसार सभी व्यवसायों को अपनी गतिविधियों से लोगों और पर्यावरण को नुकसान पहुँचने के खतरे की रोकथाम और प्रबंधन करने की आवश्यकता होगी।

### नए कानून किस बारे में हैं

नए कानून कर्तव्य-केंद्रित रोकथाम आरंभ करते हैं, जिन्हें **सामान्य पर्यावरणीय कर्तव्य**कहा जाता है। जहां तक **उचित रूप से व्यावहारिक**हो, इस कर्तव्य के तहत आपको प्रदूषण या कचरे के कारण लोगों या पर्यावरण को होने वाले नुकसान के खतरों को समाप्त करने या इन्हें कम करने की आवश्यकता है।

इसका मतलब है कि आपको नुकसान के खतरों का पहले से ही प्रबंध करने के साथ-साथ खतरे की घटनाओं के हो जाने के बाद प्रदूषण और कचरे के प्रभावों का निपटान करने की आवश्यकता भी होगी।

नए कानून छोटी खुदरा दुकानों से लेकर बड़े कारखानों तक, विक्टोरिया में स्थित सभी व्यवसायों पर लागू होते हैं।

### आपके व्यवसाय को क्या करने की आवश्यकता है

लोगों और पर्यावरण पर अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के प्रभावों को समझना और नुकसान के किसी भी खतरे का प्रबंधन करना आपकी जिम्मेदारी है।

सामान्य स्थितियों में खतरे का प्रबंधन सूझबूझ से काम करने और नुकसान से बचने के लिए सरल कदम उठाना हो सकता है। उदाहरण के लिए, यह सुनिश्चित करना कि आपका कचरा सही कूड़ेदान में फेंका जाए और रसायन नालियों के माध्यम से हमारे जलमार्गों में न पहुँच पाएँ।

बड़े व्यवसायों या अधिक खतरे वाले व्यवसायों में अन्य प्रणालियों, प्रक्रियाओं और प्रलेखन की आवश्यकता हो सकती है।

कुछ व्यवसाय पहले से ही विक्टोरिया के व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों के अनुपालन के प्रयासों के माध्यम से पर्यावरणीय खतरों का प्रबंधन कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, रसायनों और ईंधन का सुरक्षित रूप से उपयोग और भंडारण करना और अपने व्यवसाय को साफ-सुथरा रखना।

यदि आपका व्यवसाय नुकसान से बचाव के लिए उचित उपायों को नहीं अपनाता है, तो आप कानून का उल्लंघन कर रहे/रही हैं।

## मैं पर्यावरणीय खतरों का प्रबंधन कैसे कर सकता/सकती हूँ?

नीचे दी गई जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया का उपयोग करके आपको शुरुआत करने में सहायता मिल सकती है।




**1.** अपने व्यवसाय में किसी भी नुकसानदायक खतरे या गतिविधियों कीपहचान करें।
**2.** खतरे की गंभीरता का आकलन करें, जोकि इसके घटने की संभावना और परिणाम पर आधारित हो।
**3.** उपयुक्त जोखिम नियंत्रण उपायों को **लागू करें।**
**4.** नियमित रूप से नियंत्रकों की जाँच**करके यह सुनिश्चित करें कि वे ठीक तरह से काम कर रहे हैं।**

## नुकसान को रोकने के लिए मैं और क्या कर सकता/सकती हूँ?

खतरा प्रबंधन के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए **खतरे का आकलन और नियंत्रण: व्यवसाय के लिए मार्गदर्शिका** देखें।

अगले पृष्ठ पर उपलब्ध **लघु व्यवसाय के लिए स्व-मूल्यांकन उपकरण** का प्रयोग करें, जिसमें खतरों के प्रबंधन के उदाहरण शामिल हैं।

और अधिक जानकारी और अपने व्यवसाय से संबंधित विशिष्ट गतिविधियों में मार्गदर्शन के लिए वेबसाइट **epa.vic.gov.au** पर जाएँ।

कचरे और रीसाइक्लिंग के बारे में सुझावों के साथ-साथ संसाधन दक्षता में सुधार हेतु उपयुक्त विचारों के लिए **सस्टेनेबिलिटी विक्टोरिया** पर जाएँ।

**नोट** - कुछ गतिविधियों (जैसे कचरे के भंडारण और निपटान) के लिए EPA से लाइसेंस, परमिट या पंजीकरण प्राप्त करने की आवश्यकता हो सकती है। यदि आप अनिश्चित हैं, तो वेबसाइट **epa.vic.gov.au**पर जाएँ।



ईपीए प्रकाशन 1863
प्रकाशित जनवरी 2020

# स्व-मूल्यांकन उपकरण

इस उपकरण का उपयोग करके जांच करें कि अपने व्यवसाय से लोगों और पर्यावरण को नुकसान पहुँचने के खतरे को प्रबंधित करने के लिए आप क्या कर सकते/सकती हैं। यह आपके द्वारा किए जा सकने वाले हरेक कार्य की पूरी सूची नहीं है, लेकिन यह एक अच्छी शुरुआत है तथा और अधिक जानकारी के लिए कड़ियाँ प्रदान करती है।

## ❑ अनुमान लगाएँ क्या गलत हो सकता है

- अपनी गतिविधियों से पैदा होने वाले खतरों (जैसे रासायनिक फैलाव, अत्यधिक शोर) और इनके संभावित प्रभावों (जैसे बारिश के पानी का प्रवेश, पड़ोसियों को परेशानी) की पहचान करें।
- खतरों/प्रभावों की संभावना और गंभीरता की पहचान करें।
- खतरा नियंत्रण उपायों की पहचान करें और इन्हें लागू करें (जैसे ड्रेन गार्ड का उपयोग करना, कार्यकाल के बाद संयंत्र/उपकरण का शोर कम से कम करना)।
- नियमित रूप से खतरा नियंत्रकों की जाँच करके यह सुनिश्चित करें कि वे योजना के अनुसार काम कर रहे हैं।

## ❑ संयंत्र और उपकरणों का सही ढंग से उपयोग करें (यदि कोई हों तो)

- संयंत्र और उपकरणों का नियमित रूप से रख-रखाव करें और इस रख-रखाव का रिकॉर्ड बनाकर रखें।
- संचालन प्रक्रिया/नियमावलियों का उपयोग और पालन करें।
- संयंत्र और उपकरणों की निगरानी और नियमित रूप से जाँच करें (जैसे कोई लीक न हो, अत्यधिक शोर न हो, आदि)।

## ❑ सूचना, निर्देश, प्रशिक्षण और पर्यवेक्षण प्रदान करें

- कार्यस्थल पर सभी कर्मियों को पर्यावरणीय खतरों के लिए प्रेरण उपलब्ध कराएँ (जिसमें ठेकेदार भी शामिल हैं)।
- कोई भी खतरायुक्त कार्य करने या किसी भी खतरा नियंत्रण उपाय का प्रयोग करने से पहले सभी कर्मियों को प्रशिक्षित करें (जैसे कचरा प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण देना)।
- कार्यस्थल पर खतरे की प्रकृति और खतरा नियंत्रण उपायों का उपयोग करने के तरीके के बारे में प्रासंगिक जानकारी प्रदान करें।
- कर्मियों का पर्यवेक्षण करें, जिससे लोगों और पर्यावरण को नुकसान न पहुँचे अथवा इसकी संभावना कम से कम हो सके।

## ❑ यह सुनिश्चित करें कि कचरे और रसायनों की सही तरीके से संभाल, संग्रहण, उपयोग, ढुलाई और भंडारण किया जा रहा है

- अपने व्यवसाय में संग्रहीत या उपयोग किए गए रसायनों से संबंधित रिकॉर्ड और दस्तावेज़ (जैसे सुरक्षा डेटा शीट) नवीनतम रखें।
- सहीभंडारण तकनीकों (जैसे बन्डिंग) का उपयोग करें, और तेल और रसायनों को बंद कंटेनरों में संग्रहीत करें।
- खतरनाक कचरे (जैसे विलेयकों, क्षारक सफाई रसायनों) को इकट्ठा करने के लिए अनुमोदित कचरा परिवहनकर्ताओं का उपयोग करें।
- उपयुक्त कचरा निपटान सुविधाओं का उपयोग करें (उदाहरण के लिए EPA से लाइसेंस-प्राप्त सुविधाएँ)।
- बारिश के पानी के निकास में कोई भी तरल कचरा न डालें।
- बारिश के पानी की नालियों का संरक्षण करें और उन्हें आकस्मिक फैलावों व अन्य सामग्री (जैसे कूड़ा, धूल) से मुक्त रखें|
- ई-कचरे को सही जगह पर ले जाएँ।

## ❑ यदि कुछ गलत हो जाए, तो नुकसान को कम से कम करें

- पर्याप्त प्रणालियाँ और नियंत्रण उपाय सँस्थापित करें (जैसे आग के अलार्म और अग्निशामक, तरल फैलाव के अलार्म, तरल फैलाव किट, आदि)।
- 'लगभग घटित' और प्रदूषण के प्रकरणों की रिपोर्टिंग के लिए प्रक्रियाओं को विकसित और कार्यान्वित करें।
- 'लगभग घटित' और प्रदूषण के प्रकरणों की रिपोर्ट करें और इनपर कार्रवाई करें, जिसमें आवश्यक होने पर EPA को सूचित करना भी शामिल है।
- घटना होने के बाद कार्य प्रक्रियाओं और प्रशिक्षण की समीक्षा करें।

Interpreter

यदि आपको अनुवाद या दुभाषिया सेवाओं की ज़रूरत है, या इस आलेख को अनुवाद करवाना चाहते हैं तो**131 450** पर कॉल करें और अपनी पसंदीदा भाषा से अवगत कराएं।

यदि आप बधिर हैं, या सुनने या बोलने की शक्ती से विकृत है, तो राष्ट्रीय रिले सेवा के माध्यम से हमसे संपर्क करें। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए, यहाँ जाएँ: **www.relayservice.gov.au**

ईपीए प्रकाशन 1863
प्रकाशित जनवरी 2020